नवविवाहिता की मौत का मामला : पिता ने ससुराल वालों पर बेटी को छत से फेंकने का आरोप लगाया

मृतका कोमल शर्मा के जयपुर निवासी पिता दीपक शर्मा ने दहेज हत्या का मामला भी दर्ज कराया

अजमेर, (कासं)। शादी के बंधन में बंधने के कुछ घंटे बाद ही नवविवाहिता ने सातवीं मंजिल से गिरने के बाद जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। पुलिस ने मंगलवार को पीहर पक्ष की उपस्थिति में शव का जेएलएन अस्पताल की मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव उनके सुपुर्द कर दिया। वहीं मृतका के पिता वैशाली नगर जयपुर निवासी दीपक शर्मा ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराते हुए बेटी को छत से फेंकने का भी आरोप लगाया है। क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने विवाहिता कोमल शर्मा के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव पीहर पक्ष को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पिता ने आरोप लगाया दहेज में गाड़ी मांगी :- जयपुर वैशाली नगर चित्रकूट कॉलोनी निवासी दीपक शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बेटी के ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए बताया कि सात जुलाई को अजमेर के एक रिसोर्ट में बेटी कोमल शर्मा की शादी अजमेर निवासी रौनक बंसल के साथ धूमधाम से की थी। दोनों परिवार की सहमति से शादी तय हुई, लेकिन सगाई के बाद से ही दामाद रौनक व परिजन पैसे मांगने लगे। उन्होंने कुछ दिन रुकने के लिए कहा, लेकिन वो नहीं माने, जिस पर उन्होंने रौनक के खाते में 2 लाख रुपए ट्रांसफर कराए। शादी के कुछ दिन पहले कोमल ने बताया कि रौनक दहेज में गाड़ी देने की बात बोल रहा था, लेकिन उसने मना कर दिया। मां संगीता शर्मा ने आरोप लगाया कि शादी वाले दिन दूल्हे ने ड्रिंक कर रखी थी। इस दौरान मेरी दोस्त से भी बदतमीजी की गई। उन्होंने बताया कि बेटी का पग फेरा के लिए भी पूछा तो मना करते हुए कहा कि घर में रिश्तेदार आए हुए हैं, अभी नहीं भेज सकते हैं। बाद में सावन में बेटी को 10 दिन के लिए भेज देंगे।

पिता दीपक शर्मा ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी कोमल से 8 जुलाई की दोपहर को बात हुई थी, वो परेशान लग रही थी। उसने कहा था रिश्ता गलत हो गया, ये लोग लालची और धोखेबाज हैं। इसके कुछ देर बाद उसके ससुराल से फोन आया कि जल्दी अजमेर आ जाओ, अजमेर पहुंचे तो बेटी की मौत हो चुकी थी। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी कोमल ने जब उन्हें फोन किया था, तब वह काफी परेशान लग रही थी। बेटी ने कहा था रौनक सहित ससुराल वाले काफी लालची और धोखेबाज हैं। मेरा रिश्ता गलत हो गया और रोते हुए बाद में फोन करने की बोलकर फोन काट दिया था। इसके बाद ही कोमल की सास ने फोन कर अजमेर आने के लिए बोलकर फोन काट दिया था। जब वह अजमेर पहुंचे तब उन्हें घटना की जानकारी मिली थी।

पीहर पक्ष के लोगों ने मृतक कोमल शर्मा के ससुराल वालों पर कई आरोप लगाये।

- पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव पीहर पक्ष को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस
- अजमेर के एक रिसोर्ट में कोमल शर्मा की शादी अजमेर निवासी रोनक बसंल के साथ की थी

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि जयपुर वैशाली नगर निवासी कोमल शर्मा की शादी अजमेर के बीके कौल नगर गोकुलधाम अपार्टमेंट में फ्लैट नंबर 602 निवासी रोनक बंसल से 7 जुलाई को शादी हुई थी। कोमल और रौनक की इंटरकास्ट अरेंज मैरिज थी। उसी रात दुल्हन कोमल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को पीहर पक्ष की उपस्थिति में शव का जेएलएन अस्पताल की मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस पहलुओं हत्या, सुसाइड और हादसे को मद्देनजर रखते हुए जांच में जुटी है। मृतक की बहन सोनाली ने आरोप लगाते हुए कहा कि शादी वाले दिन भी रौनक और अन्य रिश्तेदारों ने लिफाफा बना कर देने की मांग रखी। फेरों के दौरान भी सब लोगों के सामने बहन से गुस्सा कर बदतमीजी गई थी। रिश्ता तय करने से पहले लडक़े ने ड्रिंक नहीं करने और गुटखा नहीं खाने की बात कही गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि लडक़े ने ड्रिंक करने के साथ गुटखा भी खाता है, यह बात बहन और हमारे परिवार से छुपाई गई थी।

वहीं दूल्हा रोनक बंसल के पिता नंदकिशोर बंसल ने कहा कि बेटे ने बहू को छत से कूदते देखा था। जब तक वह बचाने पहुंचता, तब बहू छलांग लगा चुकी थी। उन्होंने बहू के पीहर पक्ष की ओर से लगाए सभी आरोपों को नकाराते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की कोई बदतमीजी नहीं हुई, न डिमांड की गई, जो भी दिया वह लड़की वालों ने अपने हिसाब से दिया है। रही शादी के दिन की बात तो शादी-ब्याह में बच्चे आपस में मजाक करते रहते हैं, हमने बिना पैसों के बच्ची मांगी थी।

माहेश्वरी समाज कार्यकारिणी गठित

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। माहेश्वरी समाज किशनगढ़ शहर की कार्यकारिणी घोषित की गई।

अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की सदारत में चुनाव अधिकारी ताराचंद कांकाणी, चुनाव पर्यवेक्षक सुरेश भूतड़ा के सानिध्य में आयोजित बैठक में संरक्षक के पद पर श्रीगोपाल सोमानी, प्रेमराज राग्री, उपाध्यक्ष डॉ. शिवरतन डागा, शिवचरण मुंदडा, सचिव शिवशंकर काबरा, कोषाध्यक्ष विशाल फोफलिया, सह सचिव नितिन डागा, राकेश भूतड़ा, भवन प्रबंधक सुरेश भूतड़ा व दामोदर लाल डागा, विधि सलाहकार के पद पर भूपेंद्र सोमानी को पदीय दायित्व सौपा गया।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में में घनश्याम (महेश) मुंदडा, राजेश मुंदडा, गौरीशंकर काबरा, भंवरलाल भूतड़ा, घनश्याम फोफलिया, श्रीनिवास कालानी, शिवशंकर सोमानी, सुरेश काबरा, सत्यनारायण चांडक, सुमन धूपड़, सतीश भूतड़ा को मनोनीत किया। माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष विपिन काबरा, सचिव महेश डागा, पत्रकार अर्पित काबरा, गोविंद डागा, घनश्याम भूतड़ा ने सहयोग किया।

पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क को दुरुस्त करने की मांग

- मयूर विकास समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अजमेर, (कासं)। शहर में आईजीएल कंपनी द्वारा गैस पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। कंपनी के ठेकेदार द्वारा चंदबरदाई नगर क्षेत्र की मयूर कॉलोनी में सडक़ खोद कर पाइप लाइन डालने के बाद सडक़ को दुरुस्त नहीं करने से नाराजगी क्षेत्रवासियों ने मंगलवार को मयूर कॉलोनी विकास समिति के नेतृत्व में जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर क्षतिग्रस्त सडक़ों को दुरुस्त कराने की मांग करते हुए ठेकेदार को पाबंद करने बात कही।

मयूर विकास समिति के कमल गंगवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में बताया कि शहर में इन दिनों आईजीएल कंपनी द्वारा घरेलू गेस कनेक्शन के लिए गैस पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सडक़ों की मरम्मत नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि करीब 3 माह से आईजीएल कंपनी द्वारा चंदबरदाई नगर स्थित मयूर कॉलोनी में गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए मुख्य मार्ग को पूरी तरीके से खोद दिया था, जब समिति के पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने कंपनी के प्रतिनिधियों से खोदी गई सडक़ की मरम्मत की बात कही तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि गैस पाइपलाइन डालने के बाद टूटी हुई सडक़ को रिपेयर कर दिया जाएगा, लेकिन 3 माह बाद भी खोदी गई सडक़ को आज तक सही नहीं किया, जिससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी है।

प्रशासन पर अनदेखी का आरोप:-उन्होंने कहा कि प्रशासन की अनदेखी के चलते ही मानसून के दौर में सडक़ खोदी जा रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी के अधिकारियों व ठेकेदार से भी विकास समिति बातचीत की गई थी सडक़ मार्ग को मरमत कर सही किया जाए, लेकिन अभी तक खोदी गई सडक़ को दुरुस्त नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है और बरसात के चलते पानी भरने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा, साथ ही दुर्घटना भी घटित हो सकती है।

एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान

शाहपुरा, (निसं)। कस्बे के ठाकुर बाबा एकेडमी मे एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी ग्रीन लिटिल बेबी(श्रेया कुमावत) द्वारा ठाकुर बाबा वॉलीबॉल एकेडमी रावण मैदान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि शाहपुरा नगर परिषद के उप सभापति राजी देवी धाकड़ ने वृक्षारोपण कर ग्रीन लिटिल बेबी (श्रेया) द्वारा चलाए जा रहे अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर श्री ठाकुर बाबा एकेडमी के कोच विवेक जी जोशी , भाजपा नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू जी जांगिड़, सरस डेयरी के ग्रामीण रूठ सुपरवाइजर श्याम जोशी , हिमांशु सुगंधी एवं शिक्षिका संतरा कुमावत, रिंकू चौधरी, गोपाल धाकड़, आशीष शर्मा , रामलाल चौधरी, विशाल चौधरी, आदि उपस्थित थे। सभी पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर अयोजन को सफल बनाया। ग्रीन बेबी द्वारा चलाए जा रहे इस वृक्षारोपण महाअभियान और पर्यावरण संरक्षण जेसे कार्यों की पदाधिकारियों ने प्रशंसा की।

दयानंद कॉलेज में स्वरचित कविता वाचन संपन्न

- विजेता प्रतिभागियों को दिए प्रमाण पत्र

अजमेर, (कासं)। ब्यावर रोड स्थित दयानंद महाविद्यालय में मंगलवार को अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में स्वरचित कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीकांत ने बताया कि पीजी डिपार्मेंट आफ इंग्लिश के तत्वाधान में आयोजित स्वर रचित कविता वाचन में 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अनुराग शर्मा पूर्व विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी विभाग दयानंद महाविद्यालय अजमेर रहे विद्यार्थियों ने सामाजिक जीवन के प्रत्येक पहलू के विषयों को कविता में शामिल किया।

अंग्रेजी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ राजश्री बंसल ने बताया कि विद्यार्थियों ने प्रकृति सामाजिक ताना-बाना सामाजिक कुरीतियों, महिला सशक्तिकरण, परिवार नशा मुक्ति विद्यालय जीवन युवावस्था किशोरावस्था रोजगार सहित भक्ति विषय पर अपनी स्वयं रचित कविताएं लिखी मुख्य अतिथि डॉ.अनुराग शर्मा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की और विभाग द्वारा आयोजित इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाने के लिए विभाग अध्यक्ष राजश्री बंसल का उत्साह वर्धन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीकांत ने अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

मंच का संचालन मनीषा कुमारी निशिता ज्ञानवाणी ने किया। समापन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में रिशांत सिंह, निदा शेख, जहीर खान, सौरभ रकावत, समीर अली, कश्यप चौहान, मरियम खान, मंत्रम शर्मा, निश्चय जिज्ञासी, क्रिया बासिता, मिताली सिंह, मृदुल इंदौरिया, प्रशांत सुनारिया, कुशल शर्मा, निशिता ज्ञानवाणी, निहारिका, अक्षित जैन, प्रभव गोयल, गौरव प्रजापति, मनीषा सिंह, राज्यवर्धन, प्राची शर्मा, मनीष, बुलबुल शर्मा, शाजिया चिश्ती, धनंजय नाथ ने स्वरचित कविता का लेखन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मृदुल आदित्य, द्वितीय स्थान मनीषा कुमारी, तृतीय स्थान धनंजय नाथ तथा सांत्वना पुरस्कार में सौरभ राकावत, निश्चय जिज्ञासी विजेता हुए।

विधिशा बनी राष्ट्रीय स्तर पर जैन आईडल

ब्यावर, (निसं)। गायकी में अपनी प्रतिभा की धनी विधिशा जैन ने कलात्मक रवैया अपनाते हुए हाल ही में गुजरात के सूरत में आयोजित जीतो राष्ट्रीय जैन आईडल में सभी को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीतो सूरत के तत्वाधान में आयोजित हुई जीतो आईडल के प्रथम राउंड में 1500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमे मात्र 30 प्रतिभागियों को दूसरे राउंड में जगह मिली और इन 30 में से मात्र 9 प्रतिभागियों का फाइनल राउंड में चयन हुआ जिसमे राजस्थान से एकमात्र विधिशा थी। विधिशा ने सभी 9 को अपने सुर के आगे पछाड़ते हुए उपस्थित जनता को झूमने पर मजबूर किया और जीतो आईडल का खिताब अपने नाम किया।जीतो सूरत की ओर से 31000 रुपए की नगद राशि विधिशा को दी गई।

प्रतियोगिता का खास पल ये रहा की इंडियन आइडल की तर्ज पर यहा भी जनता को अपना निर्णय बताने के लिए वोटिंग कराई गई। जहा दूसरे प्रतिभागी 150-200 वोट ले पा रहे थे लेकिन विधिशा ने अपने सुर के आगे सभी को वोट करने के लिए मजबूर कर दिया और 400 पार वोट प्राप्त किए।विधिशा के अभिभावकों धीरज जैन एवं आनंद जैन, दादी आशा जैन और बड़ी बहन अधीशा जैन ने इस जीत को विधिशा के सभी गुरुओं को समर्पित किया।

विधिशा ने जीतो राष्ट्रीय जैन आईडल में सभी को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शक्की मोहम्मद मुस्लिम समाज के सदर मनोनीत

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। गांधीनगर स्थित गरीब नवाज कम्युनिटी सेंटर में आयोजित मुस्लिम समाज की मीटिंग में सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी शक्की मोहम्मद को मुस्लिम समाज का (अध्यक्ष) जनरल सदर मनोनीत किया है। किशनगढ़ उपखंड के 210 गांवो का सदर बनने पर समाज बंधुओ ने शक्की मोहम्मद का स्वागत कर समाज हितार्थ सेवा कार्य करने के लिये विश्वास व्यक्त किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके शक्की मोहम्मद अजमेर जिला शूटिंग बॉल संघ सचिव सहित राजस्थान शूटिंग बोल संघ उपाध्यक्ष के पद पर सेवा दे रहे है। मीटिंग में हाजी शफी मोहम्मद पटवारी, पार्षद नूर मोहम्मद, जुम्मन अली मंसूरी, उमर फारूक, आरिफ अजंता, अयूब शहर, राशिद, शब्बीर माजवी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई मौजूद रहे।



- 210 गांवो का सदर बनने पर समाज बंधुओ ने स्वागत किया

आम सूचना

मेरी मां श्रीमती झमकू देवी पत्नी छोगाराम जाति गुर्जर निवासी ग्राम कदमपुरा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 2 जनवरी 1993 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-धन्नाराम पुत्र छोगाराम

आम सूचना

मेरे पिता श्री छोगाराम पुत्र नाहरा जाति गुर्जर निवासी ग्राम कदमपुरा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 5 फरवरी 1998 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी-धन्नाराम पुत्र छोगाराम

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम AASHIA BANO से बदलकर AYASHA BEGAM रख लिया है, अतः मुझे सभी आवश्यक कार्यों हेतु इसी नाम से जाना जाए।

- 772/5, झरनेश्वर रोड, अजमेर।

कार्यालय ग्राम पंचायत, सुरडिया
संशोधन

कार्यालय द्वारा ई-बोली निविदा सूचना संख्या पत्रांक/ग्रा.पं/निविदा बोली/2024-28/54 दिनांक 27.6.2024 को निविदा आमंत्रित की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा ई-निविदा बोली अपलोड किये जाने की दिनांक 9. 7. 2024 थी जिसे अपरिहार्य कारणों से 11. 7.2024 किया गया है।

ग्राम पंचायत, सुरडिया
पंचायत समिति, जवाजा, ब्यावर। जिला - ब्यावर।

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री हेमिका के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सरोज देवी दर्ज है, जो की गलत है, जबकि मेरा सही एवम वास्तविक नाम सरोज कुमारी है, अतः भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे सरोज कुमारी के नाम से जाना पहचाना जाए।

पता- सरोज कुमारी पत्नी रवि मीणा, फाईसागर रोड, जी. सी.2, क्वार्टर 634, सीआरपीएफ, अजमेर।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक - न.प.कि/PWC/2024/264 आम सूचना दिनांक : 9.7.2024

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री मोहन लाल यादव पुत्र श्री घीसालाल यादव राजस्व ग्राम किशनगढ भी खसरा संख्या 761 भूखण्ड सं. का कुल क्षेत्रफल 165.25 वर्गगज आजाद नगर तुलसी भवन के पास मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : 18.6 फीट का रास्ता पश्चिम में : श्री सत्यनारायण का मकान
उत्तर में : श्री मांगीलाल जागिंड का मकान दक्षिण मे : 19.8 फीट का रास्ता

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री प्रियांशु के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सरोज देवी दर्ज है, जो की गलत है, जबकि मेरा सही एवम वास्तविक नाम सरोज कुमारी है, अतः भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे सरोज कुमारी के नाम से जाना पहचाना जाए।

पता- सरोज कुमारी पत्नी रवि मीणा, फाईसागर रोड, जी. सी.2, क्वार्टर 634, सीआरपीएफ, अजमेर।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक - न.प.कि/कु.भूमि/2024/292 आम सूचना दिनांक : 9.7.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 534, 526/2, 528, 539/1 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या ए-146 क्षेत्रफल 178.14 वर्गगज) पर श्री रामचन्द्र कुमावत पुत्र श्री भंवरलाल कुमावत ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : 40 फीट चौडा रास्ता पश्चिम में : ब्लॉक-ए का भूखण्ड संख्या ए-143, ए-144
उत्तर में : ब्लॉक-ए का भूखण्ड संख्या ए-145 दक्षिण में : ब्लॉक-ए का भूखण्ड संख्या ए-147

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ

NAME CHANGE

Bhagabai Gangadhar Khairnar is mother No. 15781052M,HAV-KHAIRNAR JITENDRA GANGADHAR, Vill & Po-Taharabad,Teh-Satana, Distt-Nasik, State-Maharashtra, 423302, have changed my name from BHAGABAI to BHAGABAI GANGADHAR KHAIRNAR and DOB 10 AUGUST 1958 in my Son's army service in all records. aff-BW 255644, date-08 July 2024.Notary Nasirabad

कार्यालय ग्राम पंचायत, राजियावास
संशोधन

कार्यालय द्वारा ई-बोली निविदा सुचना संख्या पत्रांक/ग्रा. पं/निविदा बोली/2024-25/38 दिनांक 27.6.2024 को निविदा आमंत्रित की गई थी। उसमे नरेगा के साथ ग्रामीण विकास विभाग/पंचायती राज विभाग में करवाए जाने वाले कार्यो की बोली भी पढ़ा जाए।

सरपंच
ग्राम पंचायत, राजियावास।
पंचायत समिति, जवाजा, ब्यावर। जिला-ब्यावर।

NAME CHANGE

Gangadhar Laxman Khairnar is father No. 15781052M,HAV-KHAIRNAR JITENDRA GANGADHAR, Vill & Po-Taharabad, Teh-Satana, Distt-Nasik, State-Maharashtra, 423302, have changed my name from GANGADHAR to GANGADHAR LAXMAN KHAIRNAR and DOB 1 JUNE 1953 in my Son's army service in all records, aff-BW 255642, date 8 JULY 2024, Notary Nasirabad

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या B-51 क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर के आवंटी / अन्तरिति सुरेश कुमार गोयल पुत्र राधा किशन गोयल निवासी छतरी योजना अजमेर की मृत्यु दिनांक 9/2/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1) ममता गोयल पत्नि स्व. सुरेश कुमार गोयल (2) श्रीमती परिधि पुत्री स्व. सुरेश कुमार गोयल पत्नि आयुष तोमर (गाजियाबाद) (3) क्षितिज पुत्र स्व. सुरेश कुमार गोयल निवासी छतरी योजना अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार ममता गोयल पत्नि स्व. सुरेश कुमार गोयल निवासी छतरी योजना अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 27/7 / 23 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध मे किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगीव आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या B-193 क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर के आवंटी / अन्तरिति राकेश शर्मा पुत्र चंद्र शेखर शर्मा निवासी G-ब्लॉक अजमेर की मृत्यु दिनांक 16/12/2010 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1) श्रीमती वीणा शर्मा पत्नि स्व. राकेश शर्मा (2) श्रीमती कृति तिवारी पुत्री स्व. राकेश शर्मा पत्नि विपुल तिवारी (कोटा) (3) विनायक शर्मा पुत्र स्व. राकेश शर्मा निवासी G-ब्लॉक अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती वीणा शर्मा पत्नि स्व. राकेश शर्मा निवासी G ब्लॉक अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 9/6/23 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की छतरी नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या B-85 क्षेत्रफल 213.33 वर्ग गज के आवंटी / अन्तरिति सुरेश कुमार गोयल पुत्र राधा किशन गोयल निवासी छतरी योजना अजमेर की मृत्यु दिनांक 9/2/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) ममता गोयल पत्नि स्व. सुरेश कुमार गोयल (2) श्रीमती परिधि पुत्री स्व. सुरेश कुमार गोयल पत्नि आयुष तोमर (गाजियाबाद) (3) क्षितिज पुत्र स्व. सुरेश कुमार गोयल निवासी छतरी योजना अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार ममता गोयल पत्नि स्व. सुरेश कुमार गोयल निवासी छतरी योजना अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 27/7/23 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक / नियमन / 2024-25 / 158 दिनांक 03 / 07 / 2024

लोक सूचना

निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1	कमला देवी पत्नि रूपलाल हिस्सा पूर्ण जाति रेगर नि. रतनपुरा घाटा झाक बाडिया मथारा हाल नि. सुरेश नगर विजयनगर मार्ग ब्यावर खातेदार।	मालपुरा	1295 / 1000	0.4519 हैक्टेयर
2	मिश्र सिंह पुत्र नूर सिंह हिस्सा पूर्ण जाति रावत सा. शिवपुरा घाटा मसूदा हाल निवासी सेन्दडा रोड ब्यावर खातेदार।	मालपुरा	1002 / 196 1286 / 1005	0.1133 हैक्टेयर 0.0890 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्वनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 3-7-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/1283 दिनांक :- 05/07/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 04/2024-25

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 966.91 लाख की ई-निविदा दिनांक 31.07.2024 (क्र.सं. 01 व 02) एवं दिनांक 18.07.2024 (क्र.सं. 03 व 04) सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है। UBN No. :- AJD2425WSOB00035 - 38

राज.संवाद/सी/24/1970 अधिशाषी अभियन्ता अजमेर विकास प्राधिकरण

आम सूचना

मैं मेरे मुवक्किल कन्हैयालाल डूंगरवाल पुत्र श्री मांगीलाल डूंगरवांल उम्र 64 वर्ष जाति, जैन निवासी लोढा मौहल्ला, सदर बाज़ार, बांदनवाडा तहसील व थाना भिनाय जिला केकड़ी (राज.) के जरिये इस आम सूचना के हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल का पुत्र जितेन्द्र जैन जो कि वर्तमान समय में मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है और उससे मेरे मुवक्किल का किसी प्रकार का कोई लेना देना नहीं हैं। मेरा मुवक्किल आज दिनांक को-इस आम सूचना के जरिये उसे अपनी समस्त चल अंचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे अपने समस्त प्रकार. के रिश्ते समाप्त कर रहा है। इस आम सूचना के पश्चात कोई भी व्यक्ति यदि मेरे मुवक्किल के पुत्र जितेन्द्र जैनं से किसी प्रकार का कोई सव्यवहार अथवा पैसों का लेन देन करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। उससे मेरे मुवक्किल का किसी प्रकार का कोई लेना देना नहीं होगा

भवदीय
अरिहन्त लोढा एडवोकेट
मह